प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.03.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात में वैश्विक कपड़ा अपशिष्ट संकट पर चर्चा की, छात्रों से गर्मी छुट्टी के दौरान शौक पूरा करने और नए कौशल विकसित करने का किया आग्रह।
2. झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से की मुलाकात, राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा।
3. राज्य भर में ईद, सरहुल और रामनवमी पर बढ़ाई गयी सुरक्षा, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा– वीडियो कैमरे से लैस सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात, ड्रोन से भीड़ की निगरानी।
4. ओडिशा के कटक में बेंगलुरु–कामाख्या एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक की मौत, आठ घायल; धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनें भी प्रभावित।
5. मौसम विभाग ने राज्य में दो से तीन डिग्री तापमान बढ़ने का जताया अनुमान।

समाचार विस्तार से

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है।

श्री मोदी ने कहा कि गर्मियां आ गयी हैं और पानी बचाने के लिए जलशक्ति मंत्रालय समेत कई अलग–अलग स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गरीब लोगों को सर्वोत्तम इलाज उपलब्ध कराना सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। श्री मोदी ने आज नागपुर में कहा कि जन औषधि केन्द्रों पर गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों को सस्ती दवाएं मिल रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हाल के वर्षों में मेडिकल कॉलेज और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स की संख्या बढ़कर दोगुनी हो गई है।

*******************

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके आवास पर औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विचार–विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी मौजूद थे।

*******************

राज्य भर में ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि महत्वपूर्ण स्थानों में भीड़ पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और वीडियो कैमरे से लैस सुरक्षाकर्मी तैनात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन के जरिये हवा से भी भीड़ की निगरानी की जाएगी। श्री गुप्ता ने बताया कि रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग और गिरिडीह जैसे संवेदनशील जिलों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

*******************

गिरिडीह जिले में पर्व–त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी मिठाइयों को रोकने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे गिरिडीह संवाददाता –

*******************

ओडिशा के कटक में आज बेंगलुरु–कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 AC कोच पटरी से उतर गए। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई जबकि 8 अन्य घायल हैं। इस हादसे के कारण धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरने वाली ट्रेनें भी प्रभावित हुई हैं। पुरी–आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। वहीं, आज शाम 4 बजकर 15 मिनट पर चलने वाली भुवनेश्वर–आनंद विहार ओडिशा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के रात 11 बजकर 45 मिनट पर चलने की घोषणा की गई है।

******************

हजारीबाग शहर में दस से अधिक हाथियों के झुंड में प्रवेश कर जाने से स्थानीय लोगों में दहशत है। हाथियों का यह समूह रांची–हजारीबाग मार्ग स्थित डेमोटांड़ के राइस रिसर्च सेंटर के क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। हालांकि, इसकी सूचना वन विभाग को दी गई है और विभाग के कर्मी हाथियों के झुंड को भगाने का प्रयास कर रहे हैं। इधर, गुमला जिले के अल्बर्ट एक्का और रायडीह प्रखंड में जंगली हाथियों ने आज तीन स्थानीय लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई।

******************

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज 50 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह पहली बार है जब राज्य में इतनी बड़ी संख्या में माओवादियों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है। इधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सल संगठन के सदस्यों का स्वागत किया है। वहीं, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आज सुरक्षा बलों ने दो शक्तिशाली आईईडी विस्फोटकों को नष्ट कर दिया।

******************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है, जिससे गर्मी बढ़ेगी। वहीं, मौसम विभाग ने कहा है कि दो और तीन अप्रैल को राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं।

******************

**स्थानीय खेल की ख़बरें–**

- रांची में चल रही 32वीं चेतन देवराज मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने आज हटिया स्थित निफ्ट को फ़ाइनल में हराकर खिताब जीत लिया।
- इधर, डिफेंस एकेडमी रांची की ओर से आयोजित अल्बर्ट एक्का टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एयरफोर्स वारियर ने आर्मी फाइटर्स को 31 रनों से हरा दिया।

***************